# मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने निकाली जागरुकता रैली

## जिलेभर में हुआ रैलियों का आयोजन, अशोकनगर में 700 बच्चों ने लिया भाग, पुलिस अधिकारियों ने किया संवाद



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बच्चों की सुरक्षा और जिम्मेदारी को लेकर जिलेभर में पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें करीब सात सैंकड़ा से अधिक बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गुरूवार को निकाली गई यह जागरूकता रैली की शुरूआत तारा सदन स्कूल से हुई जो विभिन्न मार्गो से होते हुए संजय स्टेडियम पहुंची। जहां पर पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने बालक-बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें गुड टच-बैड टच, बाल शोषण की रोकथाम, मानव तस्करी से बचाव, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो एक्ट तथा बाल अधिकारों के संबंध में सरल एवं प्रभावी तरीके से जागरूक किया। बच्चों को यह भरोसा दिलाया गया कि किसी भी प्रकार की घटना, उत्पीड़न या खतरे की स्थिति में पुलिस सदैव उनके साथ खड़ी है। इस मौके पर एसडीओपी विवेक शर्मा, रक्षित निरीक्षक शिव मंगल सिंह थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी, निरीक्षक हुकुम सिंह मीना, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक बृजमोहन रावत सहित तारा सदन स्कूल, मुस्कान स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिवपुरी पब्लिक स्कूल के करीब 700 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### जागरुकता रैली में बच्चों ने दिखाया उत्साह, बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता और समाज में बढ़ते अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को मुस्कान अभियान के तहत पुलिस थाना मुंगावली द्वारा एक प्रभावी तथा व्यापक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में नगर के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का शुभारंभ जेल बिल्डिंग के पास स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी ताल से हुआ, जहां एसडीओपी सनम भी खान, तहसीलदार सोनम शर्मा, थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह यादव, पुलिस बल के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने रैली शुरू होने से पूर्व बच्चों को सुरक्षा, सतर्कता, ट्रैफिक नियमों, साइबर क्राइम और बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जागरूक किया। यह जागरूकता रैली नगर के बहादुरपुर रोड, स्टेशन रोड, गणेश शंकर विद्यार्थी चौराहा, मल्हारगढ़ रोड, भुजरिया तालाब रोड, रामलीला मंच, पुराना बाजार से होते हुए वापिस बस स्टेण्ड पर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने बच्चों की सुरक्षा—सबकी जिम्मेदारी ,मुस्कान अभियान हर बच्चा सुरक्षित जैसे संदेशों वाले पोस्टर एवं बैनर लेकर नागरिकों को जागरूक किया।

# SIR के डिजिटाइजेशन कार्य में जिला प्रदेश में टॉप पर

**निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर के कार्य को सराहा**

**तो कलेक्टर श्री सिंह ने अपने टीम को**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) 2026 के तहत मतदाताओं के डिजिटाईजेशन कार्य गुरूवार को 100 प्रतिशत पूर्ण होने के साथ ही प्रदेश में टॉप रहा है। जिसके चलते निर्वाचन आयोग आयोग द्वारा कलेक्टर आदित्य सिंह की प्रशंसा करते हुए बधाई दी है, तो वहीं कलेक्टर श्री सिंह ने अपनी टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी है।

दरअसल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य का कार्यक्रम अनुसार 4 नबंवर से 4 दिसंबर तक मतदाताओं के डिजिटाईजेशन कार्य करना था। जिसमें जिले में कुल मतदाता 645478 है, जिनमें से विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर (अजा) 223410, विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी 202236 तथा विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली 219832 मतदाता है। श्री आदित्य सिंह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश में तीनों विधान सभाओं के अधिकारियों,कर्मचारियो,बीएलओ सुपरवाईजर,बीएलओ को दिये गये निर्देश एवं गूगल मीट तथा वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गई समीक्षा एवं निर्देशन के आधार पर तीनों विधानसभाओं में डिजिटाईजेशन का कार्य गुरूवार 27 नबंवर तक 100 प्रतिशत पूर्ण करने में सफलता अर्जित की है। जो मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल द्वारा आदित्य सिंह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बधाई दी गई है। तो वहीं कलेक्टर श्री सिंह ने देवकी नंदन सिंह अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर समस्त एसडीएम, तहसीलदार समस्त जिला बीएलओ सुपरवाईजर एवं बीएलओ तथा समस्त जिले के अधिकारी, कर्मचारियों को SIR के किये गये बेहतर कार्य की बधाई दी गई।

## एक नजर में

### अनुपस्थित 4 कर्मचारियों को नोटिस जारी

**नवभारत अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान 4 कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नही पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी के 4 कर्मचारी रजत शर्मा सिक्योरिटी सुपरवाइजर, राकेश कुमार जैन सहायक ग्रेड-03, गौरव माथुर आईसी बीईई, प्रतीक घोष इंचार्ज स्टोर को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं।


### स्कूल ने निकाली जागरुकता रैली

**नवभारत शाढ़ौरा।** द्रौपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी द्वारा नगरवासियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छात्रों के साथ मुख्य बाजार में एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें छात्रों ने विभिन्न नारों के माध्यम से नागरिकों को बाल सुरक्षा, जागरूकता और बच्चों के चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनाए रखने के संदेश दिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और हर बच्चे के सुरक्षित एवं खुशहाल वातावरण पर ध्यान आकर्षित करना था। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुनील सिकरवार , बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय के डायरेक्टर बृजकिशोर शर्मा ,असिस्टेंट डायरेक्टर हिमांशु उपाध्याय, प्राचार्य अजय शर्मा, एएसआई मनीराम जाटव, एएसआई गजराज सिंह, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, जय सिंह आदि उपस्थित रहे।




### लायंस हेल्पिंग हैंड की मासिक बैठक सम्पन्न

**नवभारत अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड की मासिक बैठक सुनीता जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यों के अपने-अपने सुझाव दिए और आने वाले सप्ताह एवं महीने में लिए किए जाने वाले सेवा कार्यो को लेकर रूप रेखा तैयार की। इस बैठक में प्रांत द्वारा प्रेषित कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई एवं सदस्यों द्वारा सुझाव भी दिए गए। साथ ही संयोजकों ने स्वेच्छा से कार्यक्रमों में योगदान के लिए नाम भी लिखवाए। बैठक में क्लब कविता साहू, वैशाली सलूजा, फिरोज सुल्ताना, रीना यादव,किरण कुशवाह, मिथलेश यादव, संतोष चंदेल सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।



### मक्का को भावांतर में किया जाए शामिल

**नवभारत नईसराय।** अन्नदाताओं की समस्याओ को लेकर राष्ट्रीय किसान संगठन द्वारा गुरुवार को रैली निकालकर एक ज्ञापन तहसीलदार मयंक तिवारी को सौंपा गया। जिसमेंराष्ट्रीय किसान संगठन के पदाधिकारी शिवकुमार सिंह ने बताया कि अतिवृष्टि से क्षेत्र के किसानों की मक्का और सोयाबीन की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। वहीं बची फसल का मंडियों में दाम नहीं मिल रहा है। जबकि, बिजली कंपनी समाधान योजना के नाम पर किसानों को परेशान कर रही है। संगठन के पदाधिकारी ने कहा कि मक्का को समर्थन मूल्य पर खरीदी कर भावांतर योजना में शामिल किया जाए। किसानों का बिजली बिल माफ किया जाए, किसानों को खाद की व्यवस्था की जाए, जिससे किसान रबी फसल की बुवाई कर सकें। यदि उक्त मांगों पर जल्द ही सुनवाई नहीं हुई। तो राष्ट्रीय किसान संगठन किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगा।

### स्कूल बंद मिलने पर चार शिक्षकों सहित अधिकारी को नोटिस जारी

**नवभारत अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक विकासखण्ड ईसागढ़ राजकुमार रघुवंशी सहित चार शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टार द्वारा 25 नवम्बर को विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले विद्यालयों शासकीय प्राथमिक विद्यालय नरसूखेडी एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालय बंद पाये गये थे। जिसके चलते प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर के प्राथमिक शिक्षक महेश कुमार शर्मा, कल्याण सिंह चंदेल, शासकीय प्राथमिक विद्यालय नरसूखेडी के प्राथमिक शिक्षक

# बर्री ग्राम पंचायत में आदिवासी समुदाय के दो जुड़वा गांव

## ऐसा पिछड़ापन कि न पानी, न सड़क, गांव में किसी ने कॉलेज का मुंह तक नहीं देखा



नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** तहसील कार्यालय से महज दो किलोमीटर दूर आदिवासी समुदाय के दो जुड़वा गांव हैं। खोपरा चक्क और सोपरा चक्क। दोनों गांवों में कुछ इस तरह का पिछड़ापन है कि पक्के मकान न दिखाई दें तो लगता है 50-60 के दशक में आ पहुंचे हों। मुख्य सड़क से एक किलोमीटर के बाद बसी इस बस्ती तक कोई पक्की या कच्ची सड़क नहीं है। गांव के जब किसी महिला को प्रसव वेदना हो तो उसे पैदल ही मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। गांवों के अंदर केवल दो सड़कें हैं। एक करीब पच्चीस वर्ष पहले पत्थरों से बनाई गई थी, एक सड़क सीसी खड़ंजा के तौर पर दस वर्ष पहले बनाई गई है। पेयजल के तौर पर पांच हैंडपंप हैं, जिनमें से एक हैंडपंप चालू स्थिति में है लेकिन वह दोनों बस्तियों से दूर एक खदान में लगा हुआ है। गांव के स्कूल के पास एक हैंडपंप भी पानी देता है, लेकिन इस हैंडपंप से दिन भर में कोई एक बर्तन ही भरा जा सकता है। एक बोर में सबमर्सिबल पंप डलवाया गया था, जो खराब हुआ तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सही नहीं कराया गया। अंततः ग्रामीणों ने 2600 रुपए का चंदा कर इसे सही कराया है लेकिन अब तक इसे बोर में नहीं डाला जा सका। क्योंकि मजदूरी का सीजन होने से कोई गांव में रुक नहीं रहा।

**जन-मन योजना तक बनाई जाएगी सड़क, सर्वे हुआ:**
ग्राम पंचायत सचिव ओमकार सिंह बागड़ी कहते हैं कि गांव में पानी की समस्या तो है। क्योंकि यहां की जमीन में ही पानी नहीं है। वहां कहते हैं कि नल जल योजना की सूची में भी इन गांवों का नाम नहीं है। हां, सड़क जरूर प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत स्वीकृत हो चुकी है, जिसका हाल ही में सर्वे हुआ है। वहीं खोपरा के महेश पाल बताते हैं कि सड़क का सर्वे पहले खोपरा गांव से हुआ था, बाद में सोपरा की पठार से चूना डाला गया। जबकि यहां से सही कनेक्टिविटी नहीं है। गांव की अन्य समस्या को लेकर पंचायत सचिव ने कहा कि वह अभी एसआईआर सर्वे में व्यस्त हैं, चार दिसंबर के बाद गांव में पहुंचकर सुधार कराएंगे।

**डेढ़ सौ आवास बने, तलाई एक भी नहीं हुई:**
गांव में सबसे बड़ा संकट पानी का है। पठार होने से पानी जमीन के अंदर ही सूख जाता है। यहां करीब डेढ़ सौ आवास बने हुए हैं। दो दर्जन से ज्यादा खंडहर स्थिति में आ पहुंचे क्योंकि पानी नहीं होने से इनकी तलाई नहीं हो सकी। एक निर्माणाधीन आवास के पास करीब दस कैन पानी से भरी हुई रखी थी। काम कर रहे कारीगर ने बताया कि हम काम करने आने से दो घंटे पहले पानी की व्यवस्था करने के लिए फोन कर देते हैं ताकि गारा बनाया जा सके। तलाई होना तो संभव ही नहीं है, इसलिए आवासों की हालत खस्ता है।

**बीस साल से चल रहा प्राइमरी स्कूल, कोई भी विद्यार्थी कॉलेज तक नहीं पहुंचा:**
खोपरा चक्क और सोपरा चक्क के बीचोंबीच शासकीय प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है। यह विद्यालय यहां पिछले बीस वर्ष से संचालित है। किंतु पढ़ाई की स्थिति यह है कि दोनों गांवों में एक भी व्यक्ति ने कभी भी हाई स्कूल नहीं देखा। यहां पढ़ने वाले बच्चे हद से हद माध्यमिक विद्यालय तक पढ़ाई कर पाते हैं। इसकी एक वजह आदिवासी समुदाय में पढ़ने के लिए लालसा न होना भी है। शिक्षा का प्रसार न होने के कारण यहां के लोग अपने अधिकारों को नहीं जानते।

**जिम्मेदारों की दलील:**
इन दोनों आदिवासी गांवों में पेयजल संकट पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के उपयंत्री रोहित त्यागी बताते हैं कि करीबन पंद्रह दिन पहले ही सभी हैंडपंप चेक कराए थे। एक खदान वाले हैंडपंप की स्थिति अच्छी थी। वह बताते हैं कि इन दोनों गांवों में जल निगम राजघाट जलप्रदाय योजना से पानी पहुंचाएगा। वहीं सड़क के बारे में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के उपयंत्री दिनेश यादव ने बताया कि जन मन योजना के तहत सड़क बनाई जानी है, आज ही मौके पर मशीनें पहुंचाई हैं।

### बुनकर, मास्टर वीर्वस और ट्रेडर्स कर सकेंगे जीआई टैग का उपयोग

**चंदेरी।** मप्र शासन हाथकरघा संचालनालय, एक जिला एक उत्पाद जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र तथा एमपीआईडीसी के संयुक्त तत्वाधान में एसपीव्ही चंदेरी द्वारा हैंडलूम पार्क में जीआई टैग के बारे मे जानकारी देने हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ कलेक्टर आदित्य सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया इस अवसर पर उपस्थित बुनकरों से अपील कर कहा कि आप लोग बहुत ही धैर्य और शांति के साथ संपूर्ण कार्यशाला के उद्देश्यों को समझे और विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही जानकारियों का भरपूर लाभ उठाए। वहीं जीआई टैग की कार्यशाला में विशेषज्ञ पदमश्री डॉ रजनीकांत ने जीआई टैग प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बुनकर को कैसे रजिस्ट्रेशन करना है और क्यों करना है इसकी जानकारी देते हुए कहां कि चंदेरी साड़ी को 2004 में ही जीआई टैग प्राप्त हो चुका है। जिसका उपयोग आप सबको कानूनी अधिकारों के साथ चंदेरी साड़ी सहित जो भी उत्पादन आप लोग करते हैं उस पर जीआई टैग लगाकार अपनी पहचान और गुणवत्ता के साथ बाजार में विक्रय करेंगे, तो उसकी पहचान बनी रहेगी चंदेरी को प्राप्त जीआई टैग का दायरा तहसील स्तर की सीमा तक प्रमाणित है यदि इसके बाहर कोई भी व्यक्ति चंदेरी साड़ी का उत्पादन करता है तो वह कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडनीय अपराध माना जाएगा इसीलिए आप सभी उपस्थित बुनकर, मास्टर वीवर्स, बुनकर समिति, स्व सहायता समूह और कंपनियां सभी को अपना जीआई टैग प्राप्त कर लेना चाहिए इसके लिए बहुत ही सरल प्रक्रिया के तहत जिला हाथकरघा कार्यालय चंदेरी में अपना आवेदन प्रस्तुत कर जीआई टैग नंबर प्राप्त कर सकते हैं। वहीं कार्यशाला में बुनकर सुंदरलाल कोली द्वारा जिला हाथकरघा के अधिकारियों से लूम की मांग को लेकर हंगामा बरपाया और अधिकारियों पर आरोप लगाया कि सरकार से मिलने वाले लूमो पर राशि की मांग की जाती है और कुछ लोगों को बार-बार योजनाओं का लाभ दिया जाता है।

# कलेक्टर ने लिया चंदेरी उत्सव की तैयारियों का जायजा

**आज मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे शुभारंभ**

**व्यवस्थाओं को लेकर दिये गये निर्देश**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले की पर्यटन नगरी के नाम से विख्यात चंदेरी में 28 नवम्बर को आयोजित होने वाले चंदेरी उत्सव आयोजन हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चंदेरी उत्सव का शुभारंभ सीएम के वर्चुअल रूप करेगें। इस दौरान आवश्यक तैयारियों के संबंध संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चंदेरी उत्सव कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगमन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चंदेरी टेंट सिटी में की जा रही तैयारियां का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वीआईपी मूवमेंट, क्राफ्ट विलेज, फैशन शो, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था आदि के निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने दिये।

# IAS वर्मा के बोल पर फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

**ब्राह्मण समाज ने कड़ी कार्यवाही की मांग की**

**संतोष वर्मा के जलाए गए पोस्टर**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आईएएस संतोष वर्मा के कथिन बयान पर ब्राहाण समाज सहित सतस्त समाजों में रोष है, जिसके चलते प्रतिदिन लोगों द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपे जा रहे है। इसी कड़ी में गुरूवार को परशुराम स्वाभिमान सेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में ब्राहाण समाज के लोग मौजूद रहे, जिन्हें वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान परशुराम स्वाभिमान सेवा के जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि विगत दिनों भोपाल में आईएएस वर्मा द्वारा सवर्ण वर्ग की बेटियों के बारे में दिये गये अत्यन्त आपत्तिजनक बयान के कारण उनके विरूद्ध आईएएस आचरण नियमों के तहत कार्यवाही करने एवं उन्हें अजाक्स कर्मचारी संगठन के प्रातांध्यक्ष पद से हटाये जाने की मांग भी की गई है।

**शुरुआत** | **स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर पर रखेगी निगरानी, जारी किया हेल्पलाइन नंबर**

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया मोबाइल सेवा फिर से प्रारंभ




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। बालिकाओ और महिलाओ को सुरक्षा के उद्देश्य से जिले में फिर एक बार पुलिस प्रशासन द्वारा निर्भया मोबाइल सेवा प्रारंभ की गई। जो रात्रि में अकेजी जा रहीं बालिकाओ और महिलाओं को उनके घरों पर पहुंचाने में मदद करेगी। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज सहित कोचिंग सेंटर पर निगरानी रखेगी, जिससे की छात्राओ की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। वहीं महिलाओं के लिए 7587619200 हेल्पलाइन जारी किया गया, जिसका लाभ महिलाएं एवं बालिकाएं सीधे ले सकती है।**

गुरूवार को शुरू की गई निर्भया मोबाइल सेवा का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान उनके द्वारा बताया कि निर्भया मोबाइल स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर इत्यादि संवेदनशील स्थानों पर सतत पेट्रोलिंग कर सुरक्षा का भाव स्थापित करेगी। साथ ही महिला संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करेगी। इसके अलावा रात्रि में अकेली महिलाओं, बालिकाओं की जानकारी प्राप्त होने पर उन्हें उनके घर तक पहुंचाने का कार्य निर्भया मोबाईल द्वारा किया जाएगा। वहीं निर्भया मोबाइल के स्टॉफ के बारे में बताया कि निर्भया मोबाईल में एक उप निरीक्षक, 2 महिला आरक्षक एवं 2 पुरूष आरक्षक का बल लगाया गया है, जिसका समन्वय महिला सुरक्षा शाखा अशोकनगर द्वारा किया जावेगा। इस शुभारंभ अवसर पर एसडीओपी विवेक शर्मा, रक्षित निरीक्षक शिव मंगल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी, हुकुम सिंह मीना, रितु चौहान आदि मौजूद रहे।


**//आम सूचना//**

मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सलूजा टावर कॉम्पलेक्स सोनी कॉलोनी अशोक नगर मध्य प्रदेश द्वारा शाखा प्रबंधक के निर्देश अनुसार आम व खास को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सोनाबाई अहिरवार पत्नी श्री भरतलाल अहिरवार निवासी ग्राम सहराई तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर म.प्र. ने अपने स्वामित्व व आधिपत्य की अचल संपत्ति पर ऋण लेना प्रस्तुत किया है। जिसमें रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP471192023A12598725 दिनांक 29/11/2023 के विक्रेता श्री महबूब खाँ पुत्र श्री मुन्नू खाँ निवासी ग्राम गोरापछार तहसील अशोकनगर हाल निवासी विदिशा रोड तहसील व जिला अशोकनगर म.प्र. एवं क्रेता श्रीमती सोनाबाई अहिरवार पत्नी श्री भरतलाल अहिरवार निवासी ग्राम सहराई तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर मप. क्षेत्र फल 450-00 वर्गफुट यानी 41-82 वर्ग मीटर। विक्रय कृत भूमि/सर्वे नं. 318/2/2, 319/ 2/मिन ग्राम बांसाखेड़ी वैष्णोधाम कॉलोनी तहसील व जिला अशोकनगर मप्र मैं स्थित है।

यह कि उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति/ओरिजिनल रजिस्ट्री के दो पेज-पेज नबंर 15,16,17 और 18 गुम हो गए हैं जो मिल नहीं रहे हैं।

यह कि उक्त विक्रय पत्र, संपत्ति पर, भवन पर यदि किसी बैंक, संस्था, किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर शाखा कार्यालय में अथवा मुझे सूचित करें यदि 7 दिवस के भीतर कोई आपत्ति नहीं आती है तो उक्त संपत्ति की प्रतिभूति को बंधक ऋण दे दिया जाएगा तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं पक्षकार पर बंधन कार्य नहीं होगी तदानुसार सूचित हो।

*कृष्ण कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट*
*पुराने जैन मंदिर के पीछे वार्ड न. 11 अशोकनगर*
*मोबा. नं. 9893853208*